# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–09 अगस्त 2026** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में 'हर घर तिरंगा' अभियान का शुभारंभ किया। इसके बाद जनप्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं, कलाकारों समेत प्रदेशवासियों संग मुख्यमंत्री आवास से विधान भवन तक तिरंगा यात्रा निकाली। मुख्यमंत्री ने तिरंगा फहराते बच्चों के साथ सेल्फी ली और उनका उत्साह बढ़ाया । शुभारंभ स्थल पर वंदे मातरम का सामूहिक गान किया गया। मुख्यमंत्री ने स्वाधीनता दिवस की अग्रिम बधाई देते हुए अपील की कि इससे पहले हर घर में तिरंगा फहराएं। मुख्यमंत्री ने तिरंगा को सादगी, विकास, विरासत और भारत की आन–बान–शान का प्रतीक बताया।

**हमारा यह तिरंगा हमारे सादगी का, हमारे विकास का, हमारी विरासत का, और भारत के आन बान और शान का प्रतीक है। हम सब आभारी हैं प्रधानमंत्री मोदी जी के जिन्होंने भारत के प्रतीकों के प्रति सर्वोच्च सम्मान बनाए रखने के लिए राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का अपमान करने वालों को संज्ञेय अपराध की सूची में रखते हुए दंडित करने का निर्णय लिया है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देश में वंदे मातरम का गान हो रहा है। तिरंगा यात्रा में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, मंत्री सुरेश खन्ना, स्वतंत्र देव सिंह, जेपीएस राठौर, दयाशंकर सिंह, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, ब्रजलाल, संजय सेठ सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**********

मुख्यमंत्री आज, काकोरी ट्रेन एक्शन के एक सौ एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में काकोरी शहीद स्मारक पर आयोजित शताब्दी समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रनायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत आपसी फूट, षडयंत्र के कारण गुलाम हुआ था। क्षेत्र, जाति व भाषा के नाम पर भारत को कमजोर करने वाली ताकतें आज भी फूट डाल रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश विरोधी ताकतें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग कर भारत के खिलाफ अफवाहें फैला रही हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सिद्धार्थनगर जिले में डुमरियागंज और बांसी विधानसभा क्षेत्रों के लिए करीब तीन सौ ग्यारह करोड रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले आठ नौ वर्षों के दौरान हुए कार्यों और प्रयासों से सिद्धार्थनगर जनपद विकास के पैमाने पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**देश के अंदर 112 जनपद 'आकांक्षी जनपद' हैं, और अग्रणी छलांग लगाने वाला कोई जनपद है और नीति आयोग से 25 करोड़ रुपये की पुरस्कार प्राप्त करने वाला कोई जनपद है तो वह सिद्धार्थनगर जनपद है। अब यह केवल आकांक्षी नहीं, बल्कि विकास के पायदान पर तेजी के साथ अग्रणी भूमिका निभाने के लिए जाने जाना वाला जनपद है।**

लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में सांसद जगदम्बिका पाल सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**********

स्कूल जाने वाले बारह वर्ष तक के बच्चों की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार ने नयी पहल की है। ऐसे बच्चों को लाने–ले जाने वाले हर स्कूल वाहन में अटेंडेन्ट यानी परिचारक या परिचारिका रखना अनिवार्य होगा जो बच्चों को वाहन में सुरक्षित चढ़ाने और उतारने की जिम्मेदारी संभालेगा। इसे लेकर परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने प्रदेश के सभी विद्यालयों के प्रबंधकों को पत्र जारी किया है। पत्र में स्कूल वाहनों की सुरक्षा, व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश भी दिए गये हैं।

**********

प्रदेश के युवाओं को उच्च शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, सहित विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में तैनात आईएएस, आईपीएस और आईएफएस के युवा अधिकारी हर माह स्कूलों में पहुंचेंगे। ये अधिकारी माह में कम से कम एक इंटरमीडिएट स्तर के विद्यालय का भ्रमण कर विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित कर उनका मार्गदर्शन करेंगे। अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा, पार्थसारथी सेन शर्मा ने बताया कि इस संबंध में शासन की ओर से सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है।

**********

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की नवगठित धार्मिक समिति की पहली बैठक आज श्रीराम वल्लभा कुंज मंदिर में हुई। बैठक के बाद समिति के सदस्य महंत रामानंद दास ने बताया कि पन्द्रह अगस्त की शाम परंपरागत रीति के साथ रामलला की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। पालकी, मंदिर परिसर के उत्तरी द्वार से निकलकर प्राचीन कुबेर टीला पहुंचेगी। कुबेर टीला पर करीब दो घंटे तक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद रामलला की पालकी यात्रा वापस मंदिर के गर्भगृह पहुंचेगी जहां भगवान रामलला को स्वर्ण जड़ित चांदी के हिंडोले पर झूला झुलाया जाएगा।

**********

पिछले चौबीस घंटे के दौरान प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी संभाग में कहीं–कहीं पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने कल कुछ जिलों में भारी वर्षा और इसके बाद अगले दो दिनों तक गरज चमक के बीच बौछारें पड़ने का अनुमान जताया है।

**********